# NEWSLETTER

GOLD : 50230
SILVER : 57500
CRUDE OIL : 7215

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

29/10/2022



कॉटन इंडस्ट्री में व्यापारियों के लिए अभी समय अच्छा नहीं चल रहा है लेकिन, इसका यह मतलब नहीं है कि इस इंडस्ट्री का भविष्य खतरे में है। नफा और नुकसान तो व्यापार में होता ही रहता है। अभी इस व्यापर में नुकसान का दौर चल रहा है लेकिन जैसे ही कपास की आवक बढ़ेगी, व्यापारियों का अच्छा वक्त शुरू होगा। यह बात कही हरियाणा फतेहाबाद के पास के गांव बट्टूकला के जिनर संजय कुमार का।

*-संजय कुमार , (जिनिंग व्यापारी,हरियाणा)*

# कपास की आवक बढ़ेगी तो आएगा व्यापारियों का अच्छा वक्त

संजय ने पिछले महीने सितंबर में ही बट्टूकला में कॉटन जिनिंग फैक्टी लगाई है। इससे पहले वे आदमपुर में अपने पिता की जिनिंग फैक्टी में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आदमपुर में 15-16 जिनिंग फैक्टी पहले से ही है इसलिए जब नई जिनिंग फैक्टी लगाने की सोची तो बट्टूकला को चुना क्योंकि यहां केवल 2 जिनिंग थी और आवक भी अच्छी है।

## लोन प्रक्रिया आसान

उन्होंने कहा कि वर्तमान में एक जिनिंग फैक्टी लगाने की लागत लगभग 6-7 करोड़ रूपए आती है। हरियाणा में जिनिंग लगाने पर कोई खास सब्सिडी तो नहीं है लेकिन लोन प्रक्रिया आसान है और लोन इंटरेस्ट पर 4 प्रतिशत की छूट भी है। मेरे पिताजी सन् 1985 से इसी क्षेत्र में काम कर रहे है उनके साथ काम करते हुए मैंने इतना तो समझ लिया है कि इस इंडस्ट्री का भविष्य सुनहरा है इसीलिए इसी इंडस्ट्री को चुना है।

## लगभग 25 प्रतिशत फसल खराब

इस साल बुआई अच्छी होने की वजह से अच्छी आवक की उम्मीद थी। किंतु लगातार हुई तेज बारिश से हमारे एरिया की कपास फसल को खासा नुकसान पहुंचा है। फतेहाबाद के आस-पास के इलाके की लगभग 25 प्रतिशत फसल खराब हो चुकी है।

## खपत से कम है आवक

किसानों को उम्मीद है कि पिछले साल की तरह इस साल भी कपास भाव 10 हजार से उपर जाएंगें। नतीजा, वो कपास को अभी बेच नहीं रहे है। कुल मिलाकर स्थिति यह है कि बट्टूकला की 3 जिनिंग की औसतन रोजाना खपत 4 हजार क्विंटल कपास है जबकि अभी मंडी में रोजाना 1 से 1.5 क्विंटल कपास ही बिक्री के लिए आ रहा है।

## प्रति क्विंटल 250 रूपये का घाटा

अभी स्पिनिंग मिल्स की स्थिति भी ठीक नहीं है। धागे की मांग में इनदिनों भारी कमी है। इसलिए मिल्स भी कम दामों में माल खरीदना चाहती है। अभी हमें 8500 रूपये के भाव से कपास मिल रहा है। चूंकि कपास में मिलावट बहुत है तो अभी प्रति क्विंटल हमें 200 से 250 रूपये का घाटा हो रहा है। जैसे ही रूई की आवक बढ़ेगी कपास के भाव में और कमी आएगी और यह सारी परेशानी खत्म हो जाएंगी।



## किसान की आवाज

हिसार जिले के किशनगढ़ गांव के कपास किसान राकेश कुमार ने मेरा परिवार 5 एकड़ जमीन पर खेती करता है। पिछले साल कपास के भाव अच्छे मिले तो इस बार हमनें 5 में से 3 एकड़ पर कपास और बचे हुए 2 एकड़ पर ग्वार की बुआई की थी। अंत तक उम्मीद थी कि पैदावार अच्छी होगी लेकिन अक्टूबर महीने में हुई लगातार बारिश ने फसल को बहुत नुकसान पहुंचाया है।

राकेश ने बताया कि भारी बारिश की वजह से हमारी 60 प्रतिशत फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। खेत में पानी भर जाने से पैदावार बहुत कम हो गई है। पहले हमें प्रति एकड़ 8-10 क्विंटल उपज की आशा थी किंतु बारिश की वजह से हमें केवल 2.5 से 3 क्विंटल प्रति एकड़ की फसल प्राप्त हुई है।

नुकसान की भरपाई के बारे में पूछने पर राकेश ने बताया कि बारिश ने फसल खराब की है, इसमें किसी का दोष तो है नहीं। फिर भी यदि संभव हो और सरकार मुआवजा दे पाएं तो हमें अगली बुवाई के लिए थोड़ी राहत मिल जाएंगी।



*- राकेश कुमार, कपास किसान (किशनगढ़ गांव,हिसार)*

## गुजरात मुख्यमंत्री ने फसल नुकसान के लिए 630 करोड़ की सहायता की करी घोषणा

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को किसानों को इस साल खरीफ सीजन में भारी बारिश के कारण फसल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए 630 करोड़ रुपये के सहायता पैकेज की घोषणा की।

शुक्रवार को उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि "राज्य अपने किसानों के साथ खड़े होने के लिए प्रतिबद्ध है। सहायता पैकेज से 8 लाख से अधिक किसानों को मदद मिलेगी जिनकी फसल लगभग 9.12 लाख हेक्टेयर भूमि में खराब हो गई है"।

*CUSTOMER FAITH IS OUR STRENGTH AND PRIORITY*




## जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए कैसा रहा यह सप्ताह

### 24 अक्टूबर से 29 अक्टूबर के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर

टेक्सटाइल निवेशकों के लिए यह सप्ताह गिरावट भरा रहा। हालांकि कुछ कंपनीज ने पिछले सप्ताह की तुलना में बढ़त हासिल की लेकिन ज्यादातर कंपनीज के शेयर्स के मार्केट कैप निगेटिव रहे। त्यौहार की वजह से बाजार में गिरावट का रूख रहा। प्रमुख कंपनीज की बात करें तो रेमण्ड को छोड़ बाकी सभी कंपनीज के शेयर प्राइज में इस सप्ताह गिरावट दर्ज की गई। आइए देखते है बीएससी के मंच पर प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की इस सप्ताह की रिपोर्ट-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 341.65 | 364.8 | 316.55 | -6.35% |
| अरविंद लिमिटेड | 93.05 | 95.05 | 92.3 | -0.85% |
| वेलसपन इंडिया | 78.4 | 80.3 | 76.5 | -0.32% |
| नितिन स्पिनर्स | 206.5 | 212.5 | 206.05 | -1.15% |
| रेमण्ड | 1160.45 | 1168.5 | 1072 | 1.10% |

## जानिए कॉटन के लिए कैसा रहा अक्टूबर महीने का तीसरा हफ्ता

**SMART INFO SERVICES**

**CALL : 91119 77771 - 5**

WEEKLY AND MONTHLY CHART 29.10.2022

| ICE COTTON | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MONTH | 30.09.22 | 07.10.22 | 14.10.22 | 21.10.22 | 28.10.22 | WEEKLY CHANGE | MONTHL CHANGE |
| DEC | 85.34 | 84.23 | 83.15 | 79.13 | 72.11 | -7.02 | -13.23 |
| MARCH | 83.45 | 82.66 | 81.99 | 78.55 | 72.07 | -6.48 | -11.38 |
| MAY | 82.09 | 81.51 | 81.08 | 78.15 | 72.30 | -5.85 | -9.79 |
| MCX (BALES) | | | | | | | |
| OCT | 31050 | 33350 | 32600 | 33300 | 31900 | -1400 | 850 |
| NOV | 29400 | 29990 | 29790 | 29990 | 28800 | -1190 | -600 |
| DEC | 29410 | 29260 | 29340 | 29010 | 27630 | -1380 | -1780 |
| NCDEX (KAPAS) | | | | | | | |
| APRIL | 1592 | 1629 | 1598 | 1588 | 1551 | -37 | -41 |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | | | | | |
| DEC | 2327 | 2423 | 2377 | 2472 | 2482 | 10 | 155 |
| JAN | 2347 | 2440 | 2383 | 2466 | 2467 | 1 | 120 |
| CURRENCY ($) | | | | | | | |
| INDIAN (Rupee) | 81.34 | 82.32 | 82.35 | 82.54 | 82.47 | -0.07 | 1.13 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 228.099 | 222.98 | 218.19 | 221.147 | 221.368 | 0.221 | -6.731 |
| CNY (Chinese yuan) | 7.11311 | 7.11598 | 7.19056 | 7.24314 | 7.25247 | 0.00933 | 0.13936 |
| BRAZIL (Real) | 5.41248 | 5.20558 | 5.32405 | 5.164 | 5.29265 | 0.12865 | -0.11983 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.55909 | 1.56753 | 1.61372 | 1.57396 | 1.55919 | -0.01477 | 0.00 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.63599 | 4.65009 | 4.70199 | 4.73599 | 4.72099 | -0.015 | 0.085 |
| COTLOOK "A" INDEX | 103.8 | 101.3 | 102.6 | 95 | 92.5 | -2.5 | -11.3 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 104.87 | 100.86 | 97.81 | 97.49 | 92.04 | -5.45 | -12.83 |
| USDA SPOT RATE | 86.09 | 85.09 | 84.01 | 79.99 | 72.9 | -7.09 | -13.19 |
| MCX SPOT RATE | 33400 | 33870 | 33280 | 32980 | 31410 | -1570 | -1990 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 20500 | 19000 | 18300 | 17000 | 16700 | -300 | -3800 |
| GOLD ($) | 1668.3 | 1701.8 | 1650.2 | 1662.5 | 1648.3 | -14.2 | -20 |
| SILVER ($) | 19.015 | 20.16 | 18.2 | 19.4 | 19.225 | -0.175 | 0.21 |
| CRUDE ($) | 79.74 | 93.2 | 85.55 | 84 | 88.38 | 4.38 | 8.64 |

कॉटन के भाव में कमी का दौर जारी है। इस माह भी इंटरनेशनल और नेशनल दोनों ही मार्केट में कॉटन कीमतों में कमी देखी गई। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज में दिसंबर, मार्च और मई तीनों ही महीनों के सौदों में इस महीने में क्रमशः 13.23,11.38 और 9.79 अंक की गिरावट देखी गई।

एमसीएक्स पर महीने का बदलाव देखे तो अक्टूबर माह के सौदे के लिए में 800 रूपए की बढ़त हुई है जबकि नवंबर और दिसंबर के सौदों के लिए क्रमशः 600 और 1780 रूपए की कमी देखने को मिली है। जबकि केवल एक सप्ताह के अंतर की बात करें तो एमसीएक्स पर इन तीनों ही माह के सौदा भाव में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

एनसीडीएक्स पर कपास की कीमतों में बीते माह में 41 और बीते सप्ताह में 37 रूपए की कमी आई है। जबकि खल के दिसंबर और जनवरी के सौदा भाव में बढ़त देखने को मिली है। एनसीडीएक्स पर दिसंबर माह के लिए खल के भाव में 155 और जनवरी के लिए 120 रूपए की बढ़त हुई है।

अन्य सभी इंटरनेशन कॉटन एक्सचेंज मार्केट की भी बीते एक माह की रिपोर्ट देखे तो कॉटन कीमतों में कमी हुई है। कॉटलुक ए इंडेक्स पर 11.3, ब्राजील कॉटन इंडेक्स पर 12.83, यूएसडीए स्पॉट रेट पर 13.19, एमसीएक्स स्पॉट रेट पर 1990 और केसीए स्पॉट रेट पर 3800 तक की कमी देखी गई है।